कृपया प्रकाशनार्थ - **5 फरवरी 2012**

पश्चिम रेल प्रशासन उपनगरी रेल का नया टाईमटेबल करें, चर्चगेट - डहाणू लोकल चालू करें : राम नाईक

मुंबई, रविवार : पश्चिम रेलवे उपनगरी रेल को दी जानेवाली बिजली अब डीसी से एसी माध्यम में पुरी तरह परिवर्तित हो जाने के कारण इन रेल सेवाओं की गति प्रति घंटा 80 किलोमीटर से 100 किलोमीटर होगी. रफ्तार में हुआी इस भारी वृध्दी को ध्यान में लेकर बरसों से चल रहे अपने टाईमटेबल में अब पश्चिम रेल प्रशासन ने सुधार करना चाहिए तथा चर्चगेट - डहाणू सीधी उपनगरी रेल सेवा शुरु करनी चाहिए, ऐसी माँग पूर्व रेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री. राम नाईक ने आज एक प्रेस विज्ञप्तीद्वारा की है. श्री. नाईक मंत्री थे, उस समय मुंबई रेल विकास मंडल की (एमआरव्हीसी) स्थापना की थी, उसमें जो विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत हुई थी, उसीमें डी. सी. का ए.सी. परिवर्तन की परियोजना भी थी.

अपनी माँगों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए श्री. राम नाईक ने कहा, ''अब तक पश्चिम रेलवे पर कुछ उपनगरी सेवाएँ डीसी पर तो कुछ एसी पर चल रही थी जिसके कारण प्रति घंटा 80 किलोमीटर रफ्तार को आधार बना कर उपनगरी सेवाओं का टाईम टेबल बनाया गया था. एमआरव्हीसी की स्थापना के समय डी. सी. का ए. सी. में परिवर्तन का समय संकल्प जून 2008 तय किया था. किंतु कांग्रेस सरकार ने इस प्रकल्प को बडेही धीमी रफ्तार से याने साडे तीन वर्ष ज्यादा लेकर अब पुरा किया है. इस देरी के कारण यात्री काफी तकलीफों का सामना कर रहे हैं. चूँकि अब परियोजना पुरी हुआी है यात्रियों को शीघ्रता से राहत देनी चाहिए. यात्रियों को इसका लाभ तभी मिलेगा जब टाईमटेबल में परिवर्तन होगा. रफ्तार 80 से 100 किलोमीटर होना याने रफ्तार में 25 प्रतिशत की वृध्दी हुई है. समय बचने के कारण अधिक संख्या में रेल सेवाएं उपलब्ध हो सकती है. नया टाईम टेबल बना कर प्रशासन ने अधिक सेवाएँ देनी चाहिए.'' टाईम टेबल बनाते समय यात्री संगठनों को विश्वास में लेना चाहिए ऐसी माँग भी करते हुए श्री. नाईक ने कहा चूँकि चर्चगेट - विरार सिग्नल प्रणाली का भी आधुनिकीकरण हुआ हैं; गाडीओं की रफ्तार 100 किलोमीटर तक बढाने में कोई भी कठिनाई नहीं हैं.

चर्चगेट - डहाणू सीधी लोकल सेवा शुरु कराने की माँग पर बोलते हुए श्री. राम नाईक ने कहा, ''अब यह पुरा मार्ग ए. सी. प्रणाली पर चलेगा. विरार - डहाणू मार्ग भी रु. 56.70 करोड खर्च कर पहले ही चौंडा बनाया है और अब गाडीयों की रफ्तार 25 प्रति शत बढने से अतिरिक्त सेवाएँ (रेक्स) उपलब्ध होगी. इसिलिए चर्चगेट - डहाणू सीधी लोकल चलाने में कोई भी तकनीकी कठीनाई नहीं हैं. अब सिर्फ इच्छाशक्ती की कमी हैं''.

''चर्चगेट - डहाणू सीधी रेल सेवा उपलब्ध कराने की माँग को लेकर मैंने स्वयं रेल मंत्री श्री. दिनेश त्रिवेदी से दो बार चर्चा की हैं. 15 मई 2011 को नालासोपारा में हुआी रेल यात्रियों की परिषद की भी उन्हे जानकारी देकर हमने उन्हे स्पष्ट रुप से कहा है कि प्रशासन झूठे कारण बता रहा हैं. आपने अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखा कर निर्णय लेने की जरुरत है ऐसा भी हमने स्पष्ट रुप से रेल मंत्री को कहा है,'' ऐसी जानकारी प्रेस विज्ञप्ती के अंत में श्री. राम नाईक ने दी हैं.

(कार्यालय मंत्री)